Q-127-BC

# B. Sc. /B. Com. (Sem-I) Examination, December - 2023

## GENERAL HINDI

## सामान्य हिन्दी

## (Compulsory Paper)

Max. Marks : 50

*सभी प्रश्न अनिवार्य है। प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है। ओ.एम.आर. शीट पर निर्देश पढ़ कर सही उत्तर (A/B/C/D) अंकित करने के लिए संबंधित वृत्त को एच.बी. पेन्सिल / ब्लॉक पेन से काला कीजिये। सामान्य हिन्दी अनिवार्य प्रश्न-पत्र में कुल 50 प्रश्न है, प्रश्नों की क्रम संख्या 01 से 50 तक निर्धारित है। इस प्रश्न-पत्र में प्रत्येक इकाई से 10 प्रश्न लेते हुए कुल 50 बहुविकल्पीय वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न होंगे।*

1 'हिमालय के आँगन में' कविता जयशंकर प्रसाद के किस नाटक से ली गई है?

(A) चन्द्रगुप्त (B) ध्रुवस्वामिनी

(C) राज्यश्री (D) स्कन्दगुप्त

2 जयशंकर प्रसाद की कालजयी कृति किसे कहा जाता है?

(A) कामायनी (B) लहर

(C) झरना (D) आँसू

3 'जागो फिर एक बार' कविता के रचयिता है –

(A) जयशंकर प्रसाद (B) सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला

(C) मैथिलीशरण गुप्त (D) महादेवी वर्मा

4 रामधारी सिंह 'दिनकर' की कविताओं का मूल स्वर है –

(A) सौन्दर्य भावना (B) राष्ट्रीय भावना

(C) प्रेम भावना (D) प्रकृति-चित्रण

5 'कवि कुछ ऐसी तान सुनाओ, जिससे उथल-पुथल मच जाए।' पंक्ति किस ओजस्वी व्यक्तित्व का जीता-जागता उदाहरण है –

(A) हरिवंशराय बच्चन (B) भगवतीचरण वर्मा

(C) बालकृष्ण शर्मा 'नवीन' (D) जयशंकर प्रसाद

6 बालकृष्ण शर्मा 'नवीन' किस विचारधारा के कवि माने जाते है?

(A) छायावाद (B) प्रगतिवाद

(C) प्रयोगवाद (D) राष्ट्रीय-सांस्कृतिक

[illegible] की रानी' कविता की रचना हुई है –

(A) [illegible] लोक छंद में (B) चंपू में

(C) गद्य गीत में (D) अवधी भाषा में

8 स्वतंत्रता आन्दोलन के समय लोकप्रिय कविता कौनसी रही –

(A) झाँसी की रानी
(B) परशुराम की प्रतीक्षा
(C) रश्मिरथी
(D) गीत फरोश

9 'जो कट सकती है, लेकिन झुक सकती नहीं कभी भी' – पंक्ति में भाव है –

(A) दृढ़ता का
(B) बलिदान का
(C) स्वाभिमान का
(D) वीरता का

10 'पन्द्रह अगस्त' कविता के रचयिता है –

(A) भवानी प्रसाद मिश्र
(B) गिरिजा कुमार माथुर
(C) नागार्जुन
(D) हरिवंशराय बच्चन

11 'बाहर नहीं, भीतर की ओर देखो' पंक्ति से लेखक का क्या आशय है –

(A) समाज की बुराइयों का दूर करना
(B) परिवार के सदस्यों पर नजर रखना
(C) हिंसा, क्रोध, द्वेष मन से दूर रखना
(D) भौतिक संसाधनों से दूर

12 'राष्ट्र का स्वरूप' निबन्ध के लेखक है –

(A) कुबेरनाथ राय
(B) हजारीप्रसाद द्विवेदी
(C) महादेवी वर्मा
(D) वासुदेवशरण अग्रवाल

13 रामवृक्ष बेनीपुरी ने 'गेहूँ' को किसका प्रतीक बताया है –

(A) राष्ट्रीय एकता का
(B) संस्कृति का
(C) भाषा का
(D) भौतिक प्रगति का

14 'भवानी शंकरौ वन्दे' निबंध लेखक के किस निबंध संग्रह से लिया गया है –

(A) महाकवि की तर्जनी
(B) विषाद योग
(C) रस आखेटक
(D) दृष्टि अभिसार



15 'बड़े घर की बेटी' कहानी की मूल संवेदना क्या है –

(A) सामाजिक मूल्यों की प्रतिष्ठा
(B) पारिवारिक मूल्यों की प्रतिष्ठा
(C) राजनीति में प्रतिष्ठा
(D) आर्थिक स्थिति का सुदृढ़ होना

16 प्रेमचन्द का अधूरा उपन्यास है –

(A) मंगलसूत्र
(B) गोदान
(C) निर्मला
(D) सेवासदन

17 'अदम्य जीवन' रचना है –

(A) उपन्यास
(B) रिपोर्ताज
(C) आलोचना
(D) नाटक

18 रांगेय राघव राजस्थान में किस स्थान से सम्बन्धित है –

(A) जोधपुर
(B) बीकानेर
(C) कोटा
(D) भरतपुर

19 राजेन्द्र प्रसाद की 'गाँधीजी से भेंट' किस शैली की रचना है –

(A) निबन्धात्मक
(B) भावात्मक
(C) व्यंग्यात्मक
(D) संस्मरणात्मक

20 'उत्सर्ग' एकांकी डॉ. रामकुमार वर्मा के किस संकलन से लिया गया है –

(A) पृथ्वीराज की आँखे
(B) रेशमी मिटाई
(C) कौमुदी महोत्सव
(D) चारुमित्रा

21 [illegible] करते है –

(A) दो शब्दों के मेल को
(B) दो वर्णों के मेल को
(C) दो पदों के मेल को
(D) स्वर और व्यंजन के मेल को

https://pyqlelo.com

22 'यथाशक्ति' में कौनसा समास है –

(A) द्वन्द्व (B) तत्पुरुष

(C) अव्ययीभाव (D) कर्मधारय

23 'रेलगाड़ी' शब्द का समास विग्रह है –

(A) रेल और गाड़ी (B) रेल से चलने वाली गाड़ी

(C) रेल पर चलने वाली गाड़ी (D) पटरी पर चलने वाली गाड़ी

24 'स्थावर' का विलोम है –

(A) जंगम (B) मंगल

(C) दंगल (D) दीवान

25 किस विकल्प में विलोम शब्दों का मेल ठीक नहीं है–

(A) सार्थक–उपयोगी (B) दाता–याचक

(C) गहरा–उथला (D) मनुष्यता–पशुता

26 'पूजनीय' शब्द में प्रत्यय है –

(A) नीय (B) अनीय

(C) य (D) ईय

27 'संयोग' शब्द में उपसर्ग है –

(A) सु (B) सम्

(C) निस् (D) दुस्

28 'अप' उपसर्ग का उदाहरण नहीं है –

(A) अपयश (B) अपमान

(C) अपांग (D) अपरा

29 सुधाकर, निशाकर, कलानाथ, सुधांशु पर्यायवाची है –

(A) सूर्य (B) चाँद

(C) रात्रि (D) अमृत



30 'अग्नि' का पर्याय नहीं है –

(A) अनल (B) अनिल

(C) पावक (D) आग

31 'आम के आम गुठली के दाम' मुहावरे का अर्थ है –

(A) ठगाई करना (B) हर प्रकार से लाभ ही लाभ होना

(C) दोहरा लाभ (D) मनमानी करना

32 "ऊँट के मुँह में जीरा" का अर्थ है –

(A) किसी को उपयुक्त भोजन न देना

(B) बिना सोचे-विचारे खाने की वस्तु रख देना

(C) आवश्यकता से बहुत कम

(D) किसी का मज़ाक उड़ाना

33 वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द है –

(A) उज्वल (B) उज्ज्वल

(C) उज्वल (D) उज्ज्वल

34 इनमें अशुद्ध शब्द है –

(A) स्रोत (B) शृंगार

(C) नीरोग (D) ऐक्यता

35 जिसका खण्डन न किया जा सके –

(A) अविभाज्य (B) अखंडनीय

(C) अखण्ड (D) खण्डनातीत

36 जिसकी पत्नी की मृत्यु हो गई हो, उसे कहते है –

(A) विधवा (B) बेपत्नी

(C) विधुर (D) असहाय

37 'अध जल गगरी छलकत जाय' लोकोक्ति का अर्थ है –

(A) अधकचरा ज्ञान प्रदर्शित करना (B) दुविधाग्रस्त

(C) तनावग्रस्त (D) सन्देह



https://pyqielon.com

38 'जलद-जलज' शब्द युग्म का सही अर्थ होगा –

(A) मोती-कमल (B) कमल-पानी

(C) बादल-पृथ्वी (D) बादल-कमल

39 'पुष्प' के अनेकार्थी शब्द है –

(A) सुमन, फूल, पुहुप (B) यली, बेल, भ्रमर

(C) सौरभ, जड़, मूल (D) पत्ती, लता, अली

40 'आदि-आदी' शब्द-युग्म का सही अर्थ है –

(A) प्रारम्भ-आदिवासी (B) आदिवासी-इत्यादि

(C) प्रारम्भ-अभ्यस्त (D) अभ्यस्त-प्रारम्भ

41 TENDER का हिन्दी अनुवाद है –

(A) सुरक्षित (B) हीन

(C) निविदा (D) ठेका छूटना

42 एक ही प्रकार की वस्तुओं का बोध कराने वाले शब्द को कहा जाता है –

(A) व्यक्तिवाचक संज्ञा (B) भाववाचक संज्ञा

(C) जातिवाचक संज्ञा (D) समानवाचक संज्ञा

43 'मुझे' किस प्रकार का सर्वनाम है –

(A) उत्तम पुरुष (B) मध्यम पुरुष

(C) अन्य पुरुष (D) इनमें से कोई नहीं



[Contd...

44 'थोड़ा पानी दीजिए' – इस वाक्य में थोड़ा शब्द क्या है –

(A) विशेषण (B) सर्वनाम

(C) निपात (D) क्रिया विशेषण

45 'यह पुस्तक अच्छी है' में 'यह' शब्द है –

(A) सर्वनाम (B) सार्वनामिक विशेषण

(C) निश्चित गुणवाचक विशेषण (D) निश्चयवाचक सर्वनाम

46 'मैं अपने मित्र की बात से _____ सहमत हूँ' रिक्त स्थान में निम्न में से क्रिया विशेषण की पूर्ति कीजिए –

(A) नया-नया (B) सहसा

(C) थोड़ा-थोड़ा (D) भयंकर

47 वे शब्द जो संस्कृत से हिन्दी भाषा में आए है, कहलाते है –

(A) तद्भव (B) तत्सम

(C) देशज (D) विदेशी

48 'सुहाग' का तत्सम रूप है –

(A) सुहागन (B) सौभाग्यवती

(C) सौभाग्य (D) सुभाव

49 धरित्री का तद्भव रूप है –

(A) धरा (B) धरिता

(C) धरती (D) धरिती

50 तत्सम-तद्भव का सही युग्म है –

(A) पत्र-पत्ता (B) पवन-पौन

(C) तृण-त्वरित (D) पिप्पल-पीपल